PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Amar Ujala, Delhi
Wednesday, 12th September 2012, Page: 13
Width: 4.02 cms Height: 10.08 cms, Ref: pmin.2012-09-12.63.93

# जेनेरिक दवाओं की बढ़ती कीमतों पर केंद्र को नोटिस

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने जेनरिक दवाओं की बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और कारपोरेट मामलों के मंत्रालय को नोटिस जारी किया है। इस मामले में अगली सुनवाई 17 सितंबर को होगी। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश अमिताव लाला व न्यायाधीश अनिल कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश एक जनहित याचिका पर दिया। याची ने कोर्ट से नेशनल फार्मास्यूटिकल मूल्य निर्धारण प्राधिकरण और रसायन एवं खाद मंत्रालय के फार्मास्यूटिकल विभाग को जेनरिक दवाओं की बढ़ती कीमतों को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने के आदेश देने का आग्रह किया है।

7